# अतिक्रमण हटाने गई टीम पर हुआ पथराव,भागकर किया बचाव

## भीड़ को तितर बितर करने दागने पड़े आंसू गैस के गोले, एसडीएम-सीएसपी सहित दल में थे राजस्व-पुलिस के अफसर







**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के डॉलीबाबा में निजी जमीन पर अतिक्रमण हटाने गए राजस्व व पुलिस अमले को जनता के असंतोष सामना करना पड़ा.**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आला अधिकारियों की मौजूदगी में भीड़ के पथराव में कुछ महिला पुलिस कर्मी और राजस्व अमले के सदस्यों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। दोपहर में हालात बेकाबू हुए तो पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे जब हालात कंट्रोल में हुए तो कार्रवाई पूरी की गई। हालांकि इस दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पथराव में शामिल दो पुरुष और एक महिला को हिरासत में लिया है। अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। घटना के बाद प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा के बीच दोबारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की और अवैध कब्जे को हटाया। देर शाम तहसीलदार रघुराजनगर द्वारा हमलावरों के खिलाफ सिटी कोतवाली थाना में अपराध दर्ज कराया गया है ।पथराव से बचने के लिए एसडीएम -सीएसपी भागते नजर आए। पुलिस की तरफ से हमलावरों पर आंसू गैस के गोले दागगे गए थे। जानकारी में आया है कि डॉली बाबा इलाके में कोर्ट के आदेश पर नगर निगम-प्रशासन व पुलिस की टीम शुक्रवार को निजी भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची। इस दौरान प्रशासनिक टीम पर पथराव हो गया। स्थिति को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की है।

### ड्रम में एकत्र थे ईंट

जानकारी में आया है कि शनिवार को दोपहर में जब अतिक्रमण हटाने टीम पहुंची तो पहले ही अतिक्रमण कारी जिनके घर बने थे विरोध करने लगे। हालांकि सरकारी बुलडोजर लगातार गरज रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 3 अधूरे अतिक्रमण गिराने के बाद जैसे ही जेसीबी नौशाद कबाड़ी के घर पर पहुंची। इस दौरान महिलाओं ने महिला पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की शुरू कर दी। दहिया परिवार, उसके रिश्तेदार और कोलाना बस्ती के लोग इकट्ठा होकर पथराव करने लगे। पथराव में पुलिसकर्मी भी बचने के लिए भागते नजर आए। नजारे कुछ ऐसे थे कि हमलावरों ने घरों के अंदा कार्रवाई में व्यवधान डालने और हमला करने के लिए घरों के अंदर पहले से ही ईंट जमा कर रखे थे।

### हाईकोर्ट के आदेश पर पहुंचा अमला

कार्रवाई और मामले की जानकारी में सिटी एसडीएम राहुल सिलाडिया ने बताया कि मप्र हाई कोर्ट के 2023 के आदेश के अनुसार, डॉलीबाबा क्षेत्र की जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। इस जमीन पर रामललन दहिया ने 500 वर्गफीट में पक्का मकान बना लिया था, जबकि ऊषा दहिया, नौशाद कबाड़ी और एक डेयरी ने लगभग 600-600 वर्गफीट में कब्जा किया हुआ था। जबकि इस जमीन का मालिकाना हक अनीता सिंह पति रावेन्द्र सिंह अरोड़ा की है ।भू स्वामी कई सालों से इंदौर में रह रहे हैं लिहाजा खाली जमीन पाकर उसमें बेजा कब्जा जमा लिया गया। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे प्रशासन अतिक्रमण हटाने पहुंचा था तभी हमला -पथराव पुलिस पर हुआ था।

# झाड़-फूंक के बहाने दुष्कृत्य करने वाले को दस साल की कैद

## द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अमरपाटन का फैसला

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. झाड़ फूंक के बहाने महिलाओं को डरा धमकाकर, दबाव डालकर गलत काम करने वाले बाबा अनिल दाहिया पिता रामबली दाहिया निवासी ग्राम गौरा थाना अमरपाटन जिला मैहर को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश अमरपाटन द्वारा 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।**

मिली जानकारी मुताबिक 14 अगस्त 2025 को सुबह 11 बजे के लगभग पीडिता अपने पति के साथ ग्राम गौरा आरोपी अनिल दाहिया के यहां झाड़ फूंक के लिग गई थी जहां आरोपी अनिल दाहिया ने उसके पति को बाहर बैठने के लिए कह दिया था। आरोपी अनिल दाहिया अपने घर के अन्दर पीड़िता को लेजाकर चारपाई मे बैठाकर बुरी नियत से उसके सीने में हांथ लगाया और उसकी साडी हटाकर उसके गुप्तांग में हांथ डाल रहा था और बोल रहा था कि तुम्हारे अन्दर बहुत कचड़ा है साफ कर देता हूं और पीडिता को चूड़ी पहनाकर सिंदूर भरा तथा बोला कि माता सिंदूर भर रही है और चूड़ी माता पहना रही है वह कुछ नहीं कर रहा है। वह बोल रहा था कि तुम्हारे साथ बहुत गलत करेंगे और किसी को बताओगी तो बहुत बुरा हो जाएगा।

तुम्हारे पति और बच्चे की माता जान ले लेगी, जीभ कट जाएगी और बली ले लेगी। पीड़िता ने डर के कारण अपने पति को नही बतायी थी। आरोपी फोन से पीड़िता को परेशान करता था तब पौडिता ने विवश होकर पूरी बाते अपने पति, पिता और भाई को बतायी तब पीड़िता के साथ परिजन 19 अगस्त 2025 को थाना अमरपाटन जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर अपराध 70 459/2025 धारा 354, 64(2)(जे), 351(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस द्वारा विवेचना उपरान्त अभियोगपत्र न्यायालय में पेश किया गया।

# गौशालाओं के नाम पर हर माह करोड़ों का घोटाला

## सतना और मैहर जिले में कागजों में चल रहीं कुछ गौशालाएं



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. गौशालाओं में आवारा गौवंश पशुओं के रखरखाव के नाम पर सतना और मैहर जिले के गौशाला संचालाकों द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा की आपसी मिली भगत में और विकासखण्ड स्तरीय विटनरी चिकित्सकों के प्रमाणीकरण के साथ हर माह करोड़ो रूपए का फर्जीवाड़ा कर काली कमाई की जा रही है और शासन को राजस्व का चूना लगा रहे है।**

यह बात कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप मिश्रा पूर्व शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद,पूर्व विधायक कल्पना वर्मा और पूर्व उपाध्यक्ष रमाशंकर पयासी ने संयुक्त पत्रकारवार्ता में कही. श्री मिश्रा ने बताया कि अवारा गौवंशों खासकर जो असहाय, अपाहिज, बांझ, जिनकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है ऐसे पशुओं की देखरेख व चारा-भूसा पानी आदि सहित पर्याप्त भरण पोषण के लिए जिले भर में गौशालाएं बनाई गई हैं। इन गौशालाओं को शासन द्वारा ऐसे प्रति गौवंश 40 रूपए प्रतिदिन उनके भरण पोषण के लिए दिया जाता है। जिले में वर्तमान में 59 गौशालाएं संचालित है, जिनमें 14 हजार 701 पशु रजिस्टर्ड है। 40 रूपए प्रतिदिन के मान से उनके भरण पोषण के लिए एक माह में 1 करोड़ 76 लाख 41 हजार 200 रूपए शासन गौशाला संचालकों को दे रहा है। शासन के निर्देशानुसार जिले में संचालित 59 गौशालाएं में मुख्यमंत्री गौसेवा योजना मनरेगा अन्तर्गत स्वसहायता समूहों द्वारा 31, ग्राम पंचायतों द्वारा 11, दो अन्य समाजसेवी एवं अशासकीय संस्थाओं जिन्हे एनजीओ कहा जा सकता है उनके द्वारा 15 गौशालाएं जिले में संचालित हो रही हैं। स्व सहायता समूहों को 42,28,800 रूपए, ग्राम पंचायत को 16,34,400 रूपए एवं अन्य अशासकीय संस्थाओं द्वारा संचालित गौशालाओं को 1,15,28,500 रू. की राशि उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा के प्रस्ताव के आधार पर जिला कलेक्टर की अनुशंसा के आधार पर शासन द्वारा जारी की जाती है। लेकिन सतना एवं नैहर जिले में आज तक किसी भी अधिकारी ने गौवंश के नाम पर हो रहे घोटाले की ओर देखने का प्रयास नहीं किया है। यह तो सिर्फ सतना जिले की बात है।

### खर्च मात्र बीस प्रतिशत

गौवंशों के पालन पोषण के लिये प्रति दिन 40 रू. के हिसाब से प्रति माह प्रति मवेशी 1200 रूपये दिए जाते हैं जबकि वास्तविक रूप से लगभग 20 प्रतिशत की राशि ही गौवंशों के नाम से खर्च की जाती है। गौशालाओं में रजिस्टर्ड मुताबिक गौवंश भी नहीं हैं। इस हिसाब से लगभग 80 प्रतिशत की राशि में गौशालाओं के नाम पर फर्जीवाड़ा हो रहा है। यानि कि लगभग 1 करोड़ 41 लाख 12 हजार 960 रूपए प्रतिमाह का घोटाला सामने आ रहा है और जिले के जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी जिले में हो रहे इस घोटाले पर चुप्पी साध कर बैठे हैं।

# देवरा गांव के खेतों में लगी आग, 6 एकड़ फसल खाक



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. बिरसिंहपुर तहसील के देवरा गांव में शनिवार दोपहर खेतों में भीषण आग लग गई। इस घटना में 7 किसानों की लगभग 6 एकड़ में खड़ी फसल जलकर खाक हो गई, जिससे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है।**

तेज हवा के कारण आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते कई खेत इसकी चपेट में आ गए। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार,आशीष त्रिपाठी के खेत से आग शुरू हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और नगर परिषद को सूचना दी। बिरसिंहपुर और जैतवारा से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। हालांकि, दमकल के पहुंचने तक आग ने आसपास के 6 अन्य किसानों के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। आगजनी में आशीष त्रिपाठी, रामजी कुशवाहा, सत्यनारायण पयासी, कृष्ण किशोर और गोकरण कुशवाहा की आधा-आधा एकड़ में लगी गेहूं और अरहर की फसलें जल गईं। इसके अतिरिक्त, राममिलन प्रजापति के खलिहान में रखी 2 एकड़ की गेहूं की फसल और रामलखन पयासी के खेत में लगी चने की फसल भी राख हो गई।

आगजनी से किसानों को लाखों रुपए की क्षति का अनुमान है। राजस्व विभाग द्वारा रविवार को फसल को हुए नुकसान का आकलन किया जाएगा।

# शहर के मुख्य बाजार व रिहायशी इलाकों में रविवार को 4 घंटे बंद रहेगी बिजली

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. शहर में आगामी मानसून के मद्देनजर बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा रविवार, 12 अप्रैल को व्यापक स्तर पर प्री-मानसून मेंटेनेंस ( रखरखाव ) का कार्य किया जाएगा।**

इस दौरान रविवार सुबह 6:00 बजे से सुबह 10:00 बजे तक बिजली बंद रहेगी ।बिजली कटौती के कारण शहर के मुख्य हिस्से प्रभावित होंगे, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं- पन्नीलाल चौक, अस्पताल चौक, नवदुर्गा चौक, सिटी कोतवाली क्षेत्र। मुख्य बाजार, स्टेशन रोड, बस स्टैंड, बिरला रोड, कलेक्ट्रेट परिसर, जिला अस्पताल परिसर, सुभाष पार्क, रामना टोला, सिंधी कैंप, सिद्धार्थ नगर, बांधवगढ़ कॉलोनी, फ्रेंड्स कॉलोनी और अय्यप्पा नगर।

# शिक्षा क्रांति के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा राव फुले को पुष्प अर्पण किया



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. स्कूल बचाओ संघर्ष समिति द्वारा टाउन हॉल के पास में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 200 वीं जयंती वर्ष के पुष्प अर्पण कार्यक्रम किया ।**

इस उपलक्ष्य में संयोजक विक्रम सिंह तामरे ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्म एक ऐसे समय में हुआ था तब देश में विभिन्न तरह की कुप्रथाएं चल रही थी। उस समय देश में जातिवादी सोच, छुआछूत, महिलाओं को पर्दे के अंदर रखना, बाल विवाह, सती प्रथा जैसी कुप्रथाएं चलती थी जिनको धर्म का नाम दिया जाता था। ज्योतिबा राव फुले ने धार्मिक कुप्रथाओं और जाति प्रथा के खिलाफ संघर्ष किया। उस समय महिलाओं और तथाकथित दलित वर्ग को पढ़ने लिखने का अधिकार नहीं था। छोटी-छोटी बच्चियों का विवाह 50-60 साल के बुजुर्ग के साथ कर दिया जाता था। इन सब कुप्रथाओं के खिलाफ और विधवा पुनर्विवाह को लेकर महात्मा ज्योतिबा राव ने संघर्ष किया।

# साहित्यकार दिवस के रूप में मनाई गई डॉ . शैलेश की जयंती



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. स्थानीय सचिन पैलेस के सभागार में राष्ट्र के अभिनव गीतकार साहित्यकार गीतर्षि डॉ. सुमेर सिंह शैलेश की जयंती पर केंद्रित साहित्यिक वैचारिक आयोजन विंध्य और राष्ट्र के प्रतिनिधि साहित्यकारों, कवियों,वरिष्ठ राजनैतिक समाजसेवियों निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं नगर व अंचल के गणमान्य नागरिकों श्रोताओं की उपस्थिति में साहित्यकार दिवस के रूप में आयोजित हुआ।**

आयोजन में प्रमुख रूप से परमपूज्य अनंत विभूषित श्री बहादुर महराज , सतना धारकुन्डी आश्रम, अमरपाटन विधायक डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, सांसद गणेश सिंह, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा ,वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह उच्चशिक्षा जगत के डॉ. हर्षवर्धन श्रीवास्तव, डॉ. सत्येन्द्र शर्मा, सूर्यनाथ सिंह गहरवार, चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, वरिष्ठ समाजसेवी अशोक प्रताप सिंह आदि अनेकानेक गणमान्य प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम दीपप्रज्वलन, आशिर्वचन के बाद आये हुये सभी प्रभावी व्यक्तियों के द्वारा डॉ. शैलेश के व्यक्तित्व व कृतित्व को लेकर विचार रखे गये.

# शशांक कांग्रेस उपभोक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मनोनीत

## शैलेश त्रिपाठी शहर जिला अध्यक्ष बने



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार तथा प्रभारी प्रकोष्ठ महेंद्र सिंह चौहान की सहमति से कांग्रेस उपभोक्ता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष हरि शंकर शुक्ला ने शशांक सिंह बघेल को सतना का जिला अध्यक्ष और शैलेश तिवारी धवारी को शहर का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।**

शशांक सिंह को लगातार दूसरी बार यह जिम्मेदारी दी गई है। इस नियुक्ति पर शशांक सिंह और शैलेश तिवारी ने सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का आभार जताया है। इस मनोनयन पर युवाओं, मित्रों, समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### एक नजर में



### अग्रवाल महिला मण्डल ने अक्षय तृतीया उत्सव मनाया

**सतना।** समाज की अग्रणी सामाजिक संस्था अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा 11अप्रैल को अक्षय तृतीया उत्सव का आयोजन बूटी बाई अग्रसेन हॉल में किया गया। अध्यक्ष सीमा व सचिव पूजा के नेतृत्व में अकती की गुड्डा गुडिया सजाने व सतू के लड्डू बनाकर लाने की प्रतियोगिता कराई गई। गुड्डा गुडिया सजाने में रेनूका रहीं। सतू के लड्?डू में प्रथम मृदुला द्वितीय संगीता ,रेनूका तृतीय नेहा,सुधार चतुर्थ कांता ,रितिकारही ।इस कार्यक्रम की जानकारी पी . आर . ओ . नमीता व जया द्वारा दी गई।



### मंत्री प्रतिमा बागरी ने हितग्राहियों से किया संवाद

**सतना।** भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे साप्ताहिक कार्यक्रम गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत प्रदेश सरकार की मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने रैगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम,बारा पत्थर, सेमरवारा, ह?हा,बाबूपुर पाकर, चकरा, उर्दना, पनगरा, गोडा, कुंडिया, दुर्गापुर आदि गांवों में पहुंच कर भाजपा की नीतियों एवं सिद्धांतों के सम्बंध में लोगों को अवगत कराया ।इस दौरान उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों एवं लाभार्थियों से संवाद कर उनका सम्मान किया ।



### सागर में कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**सतना.** कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का हुआ अनावरण भारत रत्न समाजवादी नेता पूर्व मुख्यमंत्री कर्पुरी ठाकुर की प्रतिमा का अनावरण? समारोह पूर्वक 11अप्रैल को सागर के अटल पार्क में समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में सतना से शामिल हुए समाजवादी नेता व अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में रघु ठाकुर उपस्थित हुए .



# सांसद ने की राजधानी में मुख्यमंत्री से मुलाकात

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. सतना-मैहर लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह ने शनिवार को भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की।**

इस मुलाकात में क्षेत्र के समग्र विकास, धार्मिक आस्था से जुड़े परियोजनाओं और किसानों की समस्याओं सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सांसद ने मुख्यमंत्री को मां शारदा लोक मैहर और चित्रकूट वनवासी रामलोक के प्रस्तावित शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होने के लिए औपचारिक आंमत्रण दिया। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के विकसित होने से क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार तथा आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

### विशेषज्ञ अध्ययन दल गठित करने का सुझाव

इसके साथ ही रामवन गमन पथ के निर्धारण और उससे जुड़े प्रमुख तीर्थ स्थलों के समग्र विकास पर भी गंभीर विचार-विमर्श किया गया। सांसद ने इस दिशा में एक विशेषज्ञ अध्ययन दल गठित करने का सुझाव रखा गया, जो ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का अध्ययन कर योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित करेगा।

# स्वर संगम-2026 संगीत प्रतियोगिता का सेमीफाइनल राउंड

▸ ग्रैंड फिनाले आज



प्रतिभागी देर रात तक अपने स्वरों से निर्णायकों को प्रभावित करते रहे। सभी इतना अच्छा गा रहे थे कि निर्णायकों को भी उनमें से फाइनलिस्ट चुनने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. सतना की सांस्कृतिक व सामाजिक संस्था यूथ कल्चरल क्लब द्वारा आयोजित की जा रही स्वर संगम 2026 फिल्मी गीत गायन प्रतियोगिता का सेमीफाइनल बेहद कशमकश भरे माहौल में सतना के टाउन हाल में 11 अप्रैल को संपन्न हुआ।**

जिसमें कि प्रदेश भर से आये काफी जद्दोजहद के बाद सीनियर ग्रुप से 16 व जूनियर ग्रुप से लगभग 11प्रतिभागियों को 12 अप्रैल को होने फाइनल राउंड के लिए चयनित किया गया। सीनियर ग्रुप में जतिन श्राफ, विशेष मेश्राम, आशुतोष आवले, अंजली तिवारी,अंश नायक, कविता पांडेय,चैत्या रैकवार, विशाल शर्मा,कृतिका दुबे,अजय सेन, दिव्या तिवारी, जितेंद्र पाल, तपस्या पांडेय, वंशिका आर्य, वैष्णवी शर्मा व अंशिका श्रीवास्तव हैं.

# युवा संगम रोजगार मेला 16 को आईटीआई मैहर में

**मैहर 11 अप्रैल.** जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय एवं शासकीय आईटीआई के सहयोग से 16 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शासकीय आईटीआई कॉलेज मैहर में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी सतना/मैहर ने यह जानकारी दी.

# श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया सद्भावना दिवस




**नवभारत न्यूज**

**सतना, 11 अप्रैल. श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सतना मेन के तत्वावधान में बड़े मंदिर जी में सद्भावना दिवस अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम में निर्यापक श्रमण पूज्य 108 समता सागर जी महाराज, मुनि श्री पवित्र सागर जी महाराज, आर्यिका गुरुमति माताजी, दृढ़मति माताजी एवं गुणमति माताजी ससंघ का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूज्य समता सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि जैन धर्म के अनुसार सद्भावना का अर्थ केवल मनुष्य तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक जीव-जंतु, सूक्ष्म से सूक्ष्म प्राणी तक के प्रति दया, करुणा और अहिंसा का भाव रखना ही सच्ची सद्भावना है। उन्होंने वर्तमान में विश्व के विभिन्न देशों में चल रहे संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमें इन परिस्थितियों से सीख लेकर परस्पर प्रेम, शांति और सहअस्तित्व की भावना विकसित करनी चाहिए। आर्यिका माताजी ने अपने प्रवचनों में कहा कि सद्भावना केवल आत्मकल्याण का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समस्त जीवों के प्रति करुणा और दया का विस्तार है। उन्होंने णमोकार मंत्र के महत्व को बताते हुए सभी श्रद्धालुओं को उसके जाप के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में पूज्य श्री समता सागर जी महाराज द्वारा णमोकार महामंत्र का सामूहिक जाप कराया गया, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गया। इस अवसर पर सोशल ग्रुप सतना के सभी सदस्यों को महाराज श्री के पावन चरणों में प्रक्षालन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ तथा उन्होंने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज की पूजन का पुण्य भी अर्जित किया।